केंद्रीय विद्यालय संगठन

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-१
Kendriya Vidyalaya, No.1
आयुध निर्माणी इस्टेट इटारसी (म.प्र.)461122
Ordnance Factory Estate, Itarsi, M.P 461122
Tele: 07572-262561/262661

Website.

फा.72/के.वि. 1/आ.नि.इ./2022-23/ 154 /  Date: 24.06.2022

# विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

अध्यक्षता - श्री एस. पी. शेंद्रे, महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी इटारसी, अध्यक्ष, वि. प्र.स.

सदस्य सचिव - श्री मनीष तुली, प्राचार्य, के.वि. क्रमांक 1, आयुध निर्माणी

## अध्यक्ष एवं वि.प्र.स. के सदस्यों का स्वागत -

आदरणीय अध्यक्ष महोदय एवं नामित अध्यक्ष महोदय का प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया | अध्यक्ष महोदय द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार सभी सदस्यों को अनुमत किया गया |

## पूर्व में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण -

सदस्य सचिव प्राचार्य द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को अनुमत किया गया | अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा पूर्व में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को निर्धारित समय सीमा के भीतरपूर्ण करने पर विद्यालय के प्रयासों की सराहना की गई |

## शैक्षणिक उन्नति एवं गतिविधियाँ-

### क.सत्र 2021-22 में बोर्ड परीक्षाओं देने वाले विद्यार्थियों का विवरण -

| कक्षा | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| बारहवी विज्ञान | 36 |
| बारहवी वाणिज्य | 26 |
| दसवी | 77 |

**ख.पुस्तकोपहार** –यह कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय संगठन के आदरणीय आयुक्त महोदयाकी पहल है | इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह परामर्श दिया गया कि वे सत्र पूरा होने के बाद अपनी पुस्तकों को अपने से छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को उपहार में दें साथ में छोटी कक्षा के विद्यार्थी भी इस उपहार को स्वीकार करें | इस कार्यक्रम का ध्येय वाक्य है " प्रकृति को बचाएँ और कागज़ का कम उपयोग करें" और साथ ही यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में मूल्यों को विकसित करता है | यह कार्यक्रम 2014 से प्रभाव में है |

**ग. मानक संचालन प्रक्रिया-** केंद्रीय विद्यालय संगठन, सी.बी.एस.ई. और राष्ट्रीय विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के निर्देशों के अनुसार विद्यालय में सभी सुरक्षा कार्य कराए गए | विद्यार्थियों के आगमन, भोजनावकाश और प्रस्थान के समय शिक्षक उनके साथ रहते हैं | साथ में मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में निम्नलिखित यंत्र भी विद्यालय में लगाए गए हैं -

| अनुयोजित सुरक्षा यंत्र | संख्या | कार्य कर रहे हैं या नहीं ? | अनुयोजन का स्थान |
|---|---|---|---|
| अग्नि शमन यंत्र | 30 | हाँ | सभी प्रमुख स्थान |
| अग्नि सूचक अलार्म | 01 | हाँ | प्रार्थना सभा स्थल |
| सी.सी.टीवी. कैमरे | 32 | हाँ | विद्यालय कोरिडोर |
| पी. ए. सिस्टम | 01 | हाँ | प्राचार्य कक्ष |
| अन्तरकॉम | 08 | हाँ | विद्यालय द्वार एवं विभाग |

## घ. सत्र 2022-23 -

केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई |कक्षा एक को मिलाकर कुछ कक्षाओं में अभी भी प्रवेश हेतु रिक्तियाँ हैं, जिनमें प्रवेश हेतु क्षेत्रीय कार्यालय से अनुमति ले ली गई है और रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया 20 जुलाई 2022 तक नियमानुसारअध्यक्षीय कार्यालय के निरीक्षण मेंपूर्ण कर ली जाएगी

## ङ. सी.बी.एस.ई., केंद्रीय विद्यालय संगठन और शिक्षा मंत्रालय के समस्त कार्यक्रमों एवं नवाचारों का कार्यान्वयन -

- निपुण
- सफल
- आज़ादी का अमृत महोत्सव
- एक भारत श्रेष्ठ भारत
- खेल शिक्षाशास्त्र
- एफ.एल.एन.
- सत्र 2022-23 हेतु समितियाँ
- अनुबंधित शिक्षकों की भर्ती

शि. भौतिक विज्ञान, प्र.स्ना.शि. अंग्रेजी, खेल प्रशिक्षक, योग शिक्षक, परिचारिका, संगणक दिशक)

## च. सत्र 2022-23 हेतु बाह्य परीक्षाएँ -

केंद्रीय विद्यालय संगठन, सी.बी.एस.ई., शिक्षा मंत्रालय औरके.वि.सं. द्वारा अनुमत संस्थाओं के निर्देशानुसार श्री पंकज पटेल (स्ना. शि. अंग्रेजी) एवं श्री अमित कुमार तिवारी (स्ना. शि. रसायन शास्त्र) द्वारा समस्त बाह्य परीक्षाएँ आयोजित कराई जाती हैं | इन समस्त परीक्षाओं की जानकारी विद्यालय के गलियारे में इच्छुक विद्यार्थियों के सूचनार्थ प्रदर्शित की जाती है |

## छ. कार्यशालाओं का आयोजन-

अप्रैल के महीने में गर्मी के कारण विद्यालय का समय दोपहर 12:00 बजे तक कर दिया गया था | इस समय का उपयोग करते हुए विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं |

## ज. क्लस्टर विद्यालय एवं हब विद्यालय -

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी इटारसी को क्लस्टर के समस्त 9केंद्रीय विद्यालयों एवं सी.बी.एस.ई. के हब विद्यालयों में केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं सी.बी.एस.ई. के नियमानुसार विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कराने का दायित्व दिया गया |

**झ. संगणकों की ऑनलाइन ए.एम. सी.**- केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार आश्वस्ति अवधि वाले संगणकों की देखरेख संबंधित विक्रेता से GEM पोर्टल के माध्यम से की जाएगी |

**ञ. प्लास्टिक का उपयोग न करना एवं हरित जन्मदिन** -इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्लास्टिक का उपयोग न करने की ओर कदम बढ़ाया साथ ही उन्होंने अपने जन्मदिन पर विद्यालय के बगीचे में एक पौधा लगाने का संकल्प किया |

**ट. विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शैक्षिक निरीक्षण**- विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों से यह अनुरोध किया जाता है कि आप सभी विद्यालय के शैक्षिक उन्नति का निरीक्षण करें और विद्यालय के उन्नयन हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव दें |

. **विद्यालय अनुशासन समिति** -केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार विद्यालय अनुशासन समिति का गठन किया गया ताकि यह समिति अनुशासन से संबंधित किसी विषय/घटना को उचित कार्रवाई की अनुशंसा के साथ अध्यक्ष महोदय के कार्यालय को सूचित कर सके | नामित अध्यक्ष और शिक्षाविद जाँच समिति के सदस्य रहेगें |

ड. **प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण** -विज्ञान प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन ने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, एवं कनिष्ठ विज्ञान प्रयोगशाला हेतु आधुनिक उपकरणों को खरीदा है और ये सभी उपकरण विभाग प्रभारियों द्वारा समय समय पर विषय और संप्रत्ययों को स्पष्ट करने के लिए विद्यार्थियों को दिखाए जाते हैं | प्रयोगशालाओं हेतु और भी क्रय GEM पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय संगठन और अध्यक्षीय कार्यालय के निर्देश और अनुमति के अनुसार किया जाएगा |

ढ. **अटलटिनकरिंग प्रयोगशाला** -NITI नीति आयोग की पहल पर विद्यालयों में 12,00,000/- बारह लाख रुपयों से अटलटिनकरिंग प्रयोगशाला को स्थापित किया जा रहा है | इस हेतु प्रथम चरण में सात लाख रुपये से सामान (GEM पोर्टल से), डेढ़ लाख रुपये से संगणक आदि, और डेढ़ लाख रुपये से फर्नीचर आदि खरीदा जाता है | शेष दो लाख रुपये विभिन्न कार्यक्रमों, सेमीनार आदि में उपयोग आते हैं | केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी इटारसी को इस हेतु अनुमति प्राप्त हो चुकी है और विद्यालय प्रशासन उक्त राशि की प्राप्ति की प्रतीक्षा कर रहा है | यहक्रय प्रक्रिया अध्यक्ष एवं VEC के सदस्यों द्वारा निरीक्षित की जाएगी |

ण. **BALA बाला** -विद्यालय भवन सीखने का क्षेत्र, इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त विद्यालय भवन को सूचनात्मक एवं शैक्षिक अध्यायों के साथ नवीन तरीकों से सजाया जाएगा | इस कार्यक्रम हेतु प्रतिवर्ष ढाई लाख रुपये रूपये का बजट निर्धारित किया गया है |

## 3. वित्तीय स्थिति और लंबित मुद्दे -

कार्यालयीन और बैंक के अभिलेखों के अनुसार विद्यालय विकास निधि में उपलब्ध राशि दो लाख रुपये है | वर्तमान दिनांक तक विद्यालय की देय राशि लाख में इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| अ. अनुबंधित शिक्षकों की वेतन | - | ₹ 1.00 लाख |
| आ. बाह्य अनुबंधित एजेंसी इंदोरिया सर्विस का देय (दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 तक) | - | ₹ 4.50 लाख |
| इ. लंबित बिल | - | ₹ 3.00 लाख |
| योग | - | ₹ 8.50 लाख |

## .खिडकियों की मरम्मत की अनुमति -

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी इटारसी की विद्यालय परिषद् ने सर्वेक्षण के पश्चात अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की | उस रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक कक्षा के खिडकियों के कुछ कांच टूटे हुए हैं/ कुछ खिडकियों में कांच ही नहीं हैं | रखरखाव और मरम्मत दल द्वारा इन कांचों को पुनः लगवाने हेतु जनवरी 2022 में बड़ी तत्परता से कार्य किया और लगभग 150 कांचों की सिलिकॉन से लगवाया गया ताकि वे भविष्य में न गिरें |

## ख.GEM पोर्टल से सामान खरीदना -

केंद्रीय विद्यालय संगठन और CVC के निर्देशानुसार GEM पोर्टल पर उपलब्ध सामान को GEM पोर्टल पर लॉग इन करके खरीदना है | विद्यालय को GEM पोर्टल पर पंजीकृत कर दिया गया है और समस्त कर्मचारियों को इस पोर्टल से सामान खरीदने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और उनको इस पोर्टल से ही सामान खरीदने के सख्त निर्देश दिए गए हैं |

## ग. सत्र 2021-22के लिए सामान को अनुपयोगी घोषित करना -

सत्र 2021-22के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की सीमा के भीतर सुधार करने में असंभव सामान को अनुपयोगी घोषित करने की प्रक्रिया केंद्रीय विद्यालय संगठन की लेखा संहिता के अनुसार अप्रैल 2022 तक पूर्ण कर ली गई है | नीलामी की प्रक्रिया जुलाई 2022 के मध्य तक प्रकाशित होगी| कंप्यूटर विभाग में अनुपयोगी सामान की अधिकता होने के कारण पृथक से विलोपन समिति द्वारा अध्ययन कर समिति द्वारा प्रस्तावित किये जाने के पश्चात प्रस्ताव क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जायेगा । ततपश्चात प्रस्ताव अनुमोदन होने के सामग्री ई-WASTE संस्था को बेचीं जायेगी एवं निस्तारण सर्टिफिकेट लिया जायेगा ।

## घ. सत्र 2022-23 का बजट निर्माण -

केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2022-23 का बजट तैयार किया जाएगा और विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा| अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद उक्त बजट को उपायुक्त महोदय के कार्यालय में जानकारी एवं अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा |

## ङ. लंबित अनुच्छेद -आतंरिक ऑडिट एवं ए.जी. ऑडिट

ए.जी. ऑडिट :

| लंबित अनुच्छेदों की संख्या | उत्तर दिया गया या नहीं ? | स्थिति |
|---|---|---|
| आई.आर. 1<br><br>(निर्माण संस्था द्वारा सरकारी खजाने में 1 प्रतिशत राशि जमा न करना) | हाँ | प्रतीक्षित |
| 01<br><br>1320/- रूपये की राशि की DGS एवं D नई दिल्ली से पुनः प्राप्ति | हाँ | प्रतीक्षित |

<u>आतंरिक ऑडिट -</u>

| लंबित अनुच्छेदों की संख्या | उत्तर दिया गया या नहीं ? | स्थिति |
|---|---|---|
| पूर्व ऑडिट = 00 अनुच्छेद<br><br>वर्तमान ऑडिट = 02अनुच्छेद | सभी अनुच्छेद के उत्तर दे दिए गए हैं । | केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से उत्तर प्रतीक्षित हैं । |

## 4. विशेष मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रस्ताव -

### क. शौचालयों की मरम्मत-

एम.ई.एस. से यह निवेदन किया कि वे विद्यालय परिसर को देखें और शौचालयों की विशेष मरम्मत हेतु अनुमानित राशि का ब्यौरा प्रस्तुत करें । यह मरम्मत आवश्यक है क्योंकि शौचालयों से पानी रिसने की शिकायत प्राप्त हुई है और यह रिसाव भवन को नुक्सान पहुंचा रहा है और विद्यालय में गंदगी उत्पन्न कर रहा है । साथ ही दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 4 विशेष शौचालयों को परिवर्तित किया जाएगा ।

## ख. कक्षाओं की मरम्मत ( फर्श एवं खिड़कियाँ) -

एम.ई.एस. से यह निवेदन किया गया कि वे विद्यालय परिसर को देखें और विद्यालय के फर्श और खिडकियों की ऊँचाई तक कोटा स्टोन लगाने का अनुमानित व्यय प्रस्तुत करें ।

## ग. बाह्य जल बिंदुओं का निर्माण -

एम.ई.एस. और सी.पी.डब्ल्यू.डी. भोपाल से अनुमानित व्यय प्रस्तुत करने को कहा गया ।

## घ. बास्केट बॉल मैंदान की मरम्मत एवं रखरखाव -

एम.ई.एस. से यह निवेदन किया गया कि वे विद्यालय परिसर को देखें और बास्केट बॉल मैंदान की मरम्मत एवं रखरखाव का अनुमादित व्यय प्रस्तुत करें ।

## ङ. खेल संरचना का विकास -

एम.ई.एस. से यह निवेदन किया गया कि वे विद्यालय परिसर को देखें औरखेल संरचना के विकास, लघुफुटबॉलस्टेडियम, एवं एथलेटिक ट्रेक के निर्माण का अनुमादित व्यय प्रस्तुत करें ।

**प्रथम प्रस्ताव-**

- सभीकक्षाओं में कोटा स्टोन लगवाना, सभी विभागों में बिना फिसलने वाली टाइल्स लगवाना ।
- इलेक्ट्रिक फिटिंग करवाना एवं अलुमिनियम तारों की जगह तांबे के तार लगवाना ।
- सभी कक्षाओं, विभागों, बाह्य दीवालों, चहारदीवारी की सभी मौसमों में चलने चलने वाला सफेद पेंट करवाना और गड्ढों को भरवाना ।
- चहारदीवारी को ऊंचा करना ।
- दोनों मुख्य द्वारों पर रिसेप्शन डेस्क का निर्माण करवाना ।
- प्रार्थना स्थल पर कोटा स्टोन लगवाना एवं मरम्मत करवाना ।
- एक ऊंची लाइट लगवाना ।
- सभी कक्षाओं और विभागों की खिडकियों और दरवाजों की मरम्मत ।

## द्वितीय प्रस्ताव -

- दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 04 विशेष शौचालयों का परिवर्तन( 02 लड़कों के लिए और 02 लड़कियों के लिए, प्रत्येक तल पर 01)
- दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छायादार रैंप का निर्माण |

## तृतीय प्रस्ताव -

- विद्यालय की आतंरिक सड़क (विशेष कोटिंग एवं पंक्ति के निशानों के साथ) की मरम्मत एवं रखरखाव |

## चतुर्थ प्रस्ताव -

- बास्केटबॉल कोर्ट की मरम्मत और छोटे स्टेडियम का विकास |

**प्रथमचरण-** एम.ई.एस. जबलपुर से प्राप्त अनुमानित व्यय को एम.ई.एस. हैदराबाद को भेजा गया लेकिन बाद में अप्रैल 2022 में एम.ई.एस. जबलपुर के विलोपीकरण के बाद कार्य का निवेदन एम.ई.एस. और सी.पी.डब्ल्यू.डी. भोपाल को कार्य के विवरण और अनुमानित व्यय के साथअग्रेषित कर दिया गया | ताकिइस समस्त प्रक्रिया को केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली में विशेष अनुदान एवं मरम्मत एवं रखरखाव प्रस्तुत किया जा सके |

**द्वितीय चरण** -शिक्षकों की एक समिति को कार्य निष्पादन एवं अनुमानित व्यय को एकत्र करने के बनाया गया ताकि क्रमशः मरम्मत का कार्य किया जा सके | इस कार्य के लिए आवश्यक राशि के लिए के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से संपर्क किया गया |

मार्च 2020 से सितंबर 2021 तक कोविड महामारी और नियमों के चलते हुए इस विषय को नहीं उठाया गया | सत्र 2021-22 में सी.बी.एस.ई. द्वारा 02 सत्रों में परीक्षा कराई गई | पहला सत्र की परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2021 के महीने में और द्वितीय सत्र की परीक्षा अप्रैल-जून 2022 के महीने में आयोजित की गई | चूंकिविद्यालय भवन में पाँच विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र रखा गया था इस कारण से परीक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त कार्य नहीं किया जा सका| इस कार्य को जून 2022 से चरणबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जाएगा |

अनुमानित व्यय कैंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय को विशेष मरम्मत नियमों के अंतर्गत राशि निर्गम हेतु भेजा जाएगा और यही अनुमानित व्यय अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा सही ठहराने के पश्चात एवं सही सर्वे रिपोर्ट के साथ अग्रेषित किया जाएगा |

**...चारी निवासों में चल रहा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य** -कर्मचारी निवासों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य 20 जून 2022 से प्रारंभ हो गया है | समस्त पर्यवेक्षण दल को उक्त कार्य की गुणवत्ता एवं संख्या को देखने के लिए सूचित कर दिया गया है |

## 5. विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियाँ -

• विद्यालय के छात्रअभय सिंह और ज़ैद अंसारी ने विद्यालय के लिए डिस्कोर्ड प्लेटफार्म पर सर्वर बनाया |

• विद्यालय के विद्यार्थी सत्यम आनंद ने मिनिस्ट्री ऑफ़ मरीन एंड फिशरी के एम.पी.ई.डी.ए. कार्यक्रम में प्रमाण पत्र एवं दो हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया |

## अ. विद्यालय में पहुँचने की सड़क की मरम्मत और टीकाकरण -

विद्यालय प्रशासन आदरणीय अध्यक्ष महोदय को टीकाकरण ( कक्षा नवी से बारहवी) एवं विद्यालयपरिसर में पहुँच मार्ग की मरम्मत हेतु धन्यवाद ज्ञापित करता है |

## आ. विद्यालय कार्यान्वयन समिति का गठन -

विद्यालय कार्यान्वयन समिति (VEC) जो कि विद्यालय प्रबंधन समिति का ही एक संक्षिप्त रूप है, जो कि स्थानीय मुद्दों को हल करने के लिए समय-समय पर मिलती रहती है | इस समिति हेतु अधोवर्णित सदस्यों के नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत हैं -

1. नामित अध्यक्ष -
2. शिक्षाविद - श्रीमती संगीता शर्मा
3. शिक्षक प्रतिनिधि - श्रीमती रेणु श्रीवास्तव
4. विभाग प्रभारी-
5. अन्य उपलब्ध सदस्य - श्री यशवंत चौरे
6. सदस्य सचिव -

समस्त प्रस्ताव और सुझाव विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुमोदन हेतु अंततः प्रस्तुत किए जाएगें|

**इ. बचाव एवं सुरक्षा** - विद्यालय प्रशासन ने यह पाया कि चारदीवारी में से लोहे के तार एवं छड़ें बाहर से निकाल ली गई हैं | यह कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एक चिंता का विषय विषय है |इस विषय को सुरक्षा अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और इसी विषय को केंद्रीय विद्यालय संगठन को पुनः संयोजित करने की अनुमति और चारदीवारी को ऊंचा उठाने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा |

इस बैठक का समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय द्वारा प्रकाशित ऑनलाइन पत्रिका के विमोचन के साथ हुआ | साथ ही सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह आश्वासन भी दिया गया कि सभी सुझावों को श्री अमित कुमार तिवारी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के उपयुक्त सदस्यों द्वारा विचार में लाया जाएगा |

अनुमोदन पश्चात मीटिंग मिनट्स सभी शिक्षकों के सूचनार्थ प्रेषित ( समूह ) की जायेगी ।

बैठक में उपस्थित सदस्य (ऑनलाइन माध्यम)

1. डॉ. भोलाप्रसाद ( प्रख्यात चिकित्सक सदस्य)
2. रवीन्द्र कुमार रूद्र (शिक्षाविद)
3. श्रीमती संगीता शर्मा ( शिक्षाविद)
4. श्री एम. टी. टोपनो ( प्रतिनिधि सदस्य)
5. श्री किशन लाल यादव ( अभिभावक सदस्य)
6. श्रीमती इमोरलिन नेरियस (अभिभावक सदस्य)
7. श्री मणिमोहन ए.जी.ई. एम.ई.एस.( तकनीकी सदस्य)
8. श्री यशवंत चौरे ( प्रख्यात सांस्कृतिक सदस्य)
9. श्रीमती रेणु श्रीवास्तव ( शिक्षक प्रतिनिधि)
10. डॉ. सपन गोयल ( को-ओप्टेड सदस्य)
11. श्री मनीष तुली (सदस्य सचिव)
12. सभी विभागीय अधिकारी एवं शिक्षक, जो ऑनलाइन माध्यम से जुड़ें |

( मनीष तुली )
प्राचार्य
Principal

( नामित अध्यक्ष )
नामित अध्यक्ष / Nominee Chairman
वि.प्र.स. / V.M.C.
कें.वि.क्र.1 आ.नि. इटारसी / K.V. No. 1 Of Itarsi

( अध्यक्ष )
अध्यक्ष/Chairman
वि.प्र.स./ V.M.C.
कें.वि.क्र.1 आ.नि. इटारसी/K.V.No.1 O.F. Itarsi